अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

18 MAY 2024

USEFUL FOR



**IAS | PCS**

**& other civil services exams**


Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2024: 17 मई**




- विषय-वस्तु (थीम): 'मीजर योर ब्लड प्रेशर एक्यूरेटली, कंट्रोल इट, लिव लोंगर'
- दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में 294 मिलियन से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं।
- नमक का अधिक सेवन, तंबाकू और शराब का सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए प्रमुख जोखिम कारक हैं।
- इस दिवस की शुरुआत 2005 में वर्ल्ड हाइपरटेंशन लीग द्वारा की गई थी।

2. **17 मई - विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस**




- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की स्थापना के सम्मान में हर साल 17 मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाया जाता है।
- थीम 2024 - सतत विकास के लिए डिजिटल नवाचार
- वर्ष 1865 में, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की गई, जब पहले भारतीय टेलीग्राफ कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- 2005 में, सूचना सोसायटी पर विश्व शिखर सम्मेलन ने संयुक्त राष्ट्र से 17 मई को हर साल मनाए जाने वाले विश्व दूरसंचार दिवस के रूप में घोषित करने के लिए कहा।

3. **उत्तराखंड में केदारनाथ धाम यात्रा 2024 के सुचारू संचालन के लिए पुलिस ने ऑपरेशन 'मर्यादा' शुरू किया।**



- उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम यात्रा 2024 के सुचारू संचालन के लिए पुलिस ने ऑपरेशन 'मर्यादा' शुरू किया।
- ऑपरेशन मर्यादा के तहत पुलिस नशीली दवाओं का सेवन करने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों से इस क्षेत्र में मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध करती है।
- चालान के साथ-साथ पुलिस उपद्रवियों और नशा करने वालों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर रही है.
- गुप्तकाशी डीएसपी हर्षवर्धिनी सुमन ने कहा, ''ऑपरेशन मर्यादा के तहत हम उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं जो किसी भी तरह का नशा कर रहे हैं, यह मंदिर और धाम के लिए अच्छा नहीं है।

4. **मिस्र के राजा का 3400 साल बाद चेहरा बनाया**



- 17 मई को द इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने मिलकर 14वीं सदी में मिस्र के राजा रह चुके आमेनहोटेप III की ममी के जरिए उनका चेहरा बनाया है।
- पिछले 3400 सालों में यह पहली बार है, जब दुनिया के अब तक के सबसे अमीर शख्स आमेनहोटेप का चेहरा री-क्रिएट किया गया है।
- 14वीं शताब्द में आमेनहोटेप बेहद शक्तिशाली थे, मिस्र में उन्हें भगवान की तरह पूजा जाता था।
- आमेनहोटेप के नेतृत्व में न सिर्फ मिस्र का विकास हुआ, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वह महाशक्ति बनकर उभरा था।
- आमेनहोटेप का चेहरा बनाने के लिए वैज्ञानिकों ने ममी के सिर से डेटा इकट्ठा किया, जिसमें रीक्रिएशन टीम में ब्राजील के ग्राफिक्स डिजानर भी शामिल रहे।

- आमेनहोटेप मिस्र के राजा तूतनखामुन के दादा थे, जो मिस्र के 18वें राजवंश का हिस्सा थे। 21:37
- 1352 BC में करीब 40-50 साल की उम्र में आमेनहोटेप की मौत हो गई थी।
- आमेनहोटेप की इस ममी को 1881 में खोजा गया था।
- ये ममी इतनी नाजुक है कि सदियों बाद भी वैज्ञानिकों ने इसे पूरी तरह खोलने की हिम्मत नहीं की।

**5. X का डोमेन twitter.com से बदलकर x.com हुआ**




- 17 मई को अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) का डोमेन नेम बदलकर x.com कर दिया है।
- X के लॉगिन पेज के नीचे अब एक मैसेज भी दिखाई दे रहा है जिसमें लिखा है, 'हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना URL बदल रहे हैं, लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी।'
- 24 जुलाई 2023 को मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर X किया था।
- तब x.com को twitter.com पर रीडायरेक्ट किया गया था।
- अब मेन डोमेन को x.com करने के साथ ही twitter.com को इसपर रीडायरेक्ट कर दिया गया है।

**6. केंद्र सरकार ने क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स घटाया**




- केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादन किए जाने वाले क्रूड ऑयल के एक्सपोर्ट पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (SAED) यानी विंडफॉल टैक्स को घटा दिया। अपनी रेगुलर रिव्यू में सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 8,400 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 5,700 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया।
- इससे पहले सरकार ने 1 मई को विंडफॉल टैक्स 9,600 रुपए प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 8,400 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया था।
- एक महीने पहले 16 अप्रैल की समीक्षा में विंडफॉल टैक्स को 6,800 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 9,600 रुपए प्रति टन कर दिया गया था।
- डीजल, पेट्रोल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) यानी एयरक्राफ्ट में इस्तेमाल होने ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को शून्य पर बनाए रखा।
- रिफाइनरों को डीजल, पेट्रोल और ATF के निर्यात पर मिल रही छूट आगे भी बरकरार रहेगी।
- सरकार हर 15 दिन पर विंडफॉल टैक्स रिव्यू करती है।

**7. पोर्टर 2024 का भारत का तीसरा यूनिकॉर्न बन गया**



- घरेलू लॉजिस्टिक्स सेवा प्लेटफॉर्म पोर्टर इस साल भारत में तीसरा यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर और उससे अधिक के मूल्यांकन के साथ) बन गया है।
- इस साल की शुरुआत में, फिनटेक फर्म परफियोस और ओला का एआई उद्यम क्रुट्रिम यूनिकॉर्न बन गए थे।
- ट्रैक्सन के अनुसार, इस महीने की शुरुआत तक भारत में 113 यूनिकॉर्न थे।
- टाइगर ग्लोबल, विट्रुवियन पार्टनर्स, लाइटरॉक इंडिया और अन्य निवेशकों से सीरीज ई राउंड में 101 मिलियन डॉलर जुटाने के बाद पीकएक्सवी समर्थित पोर्टर का पहले मूल्यांकन 514 मिलियन डॉलर था।
- ट्रैक्सन के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक इसने नौ राउंड में 150 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

**8. मणिपुर ने 22वीं बार राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी के लिए सीनियर महिला एनएफसी जीता**



- राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी के लिए 28वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर ने हरियाणा को 2-0 से हराकर कोलकाता में किशोर भारती क्रीड़ांगन में अपना 22वां खिताब जीता।
- नगंगोम बाला देवी (68') और नोंगमीकापम सिबानी देवी (83') ने गोल करके मणिपुर को मैच जिता दिया, जब हरियाणा में 10 खिलाड़ियों की कमी थी क्योंकि 65वें मिनट में डांगमेई ग्रेस पर फाउल के कारण समीक्षा को बाहर भेज दिया गया।
- व्यक्तिगत पुरस्कार
- चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर: श्रेया हुडा (हरियाणा)
- चैंपियनशिप में शीर्ष गोलस्कोरर: नगंगोम बाला देवी (मणिपुर) और युमनाम कमला देवी
- चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: नगनगोम बाला देवी (मणिपुर)

**9. कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए**



- वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है।
- सिब्बल के अलावा, वरिष्ठ अधिवक्ता आदिश सी अग्रवाल, प्रदीप कुमार राय, प्रिया हिंगोरानी और अधिवक्ता त्रिपुरारी रे और नीरज श्रीवास्तव एससीबीए अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे।
- कपिल सिब्बल ने 1,066 वोट हासिल किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और वरिष्ठ वकील प्रदीप राय को हराया। जबकि प्रदीप कुमार राय को 689 वोट मिले.
- यह चौथी बार है, जब कपिल सिब्बल एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे।
- हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया था।

**10. अनिमेष कुजूर ने फेडरेशन कप में 200 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता**



- 20 वर्षीय अनिमेष कुजूर ने ओडिशा के भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीता।
- कुजू ने ट्रैक पर 20.62 सेकंड का प्रभावशाली समय लेकर 200 मीटर का स्वर्ण पदक जीता।
- अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के बाद यह किसी भारतीय द्वारा अब तक का दूसरा सबसे अच्छा समय है।
- उन्होंने 100 मीटर फ़ाइनल के लिए भी क्वालिफाई किया।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 16 May
(b) 17 May
(c) 18 May
(d) 19 May

**2. विश्व दूरसंचार दिवस प्रत्येक वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 16 May
(b) 17 May
(c) 18 May
(d) 19 May

**3. उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम यात्रा 2024 के सुचारू संचालन के लिए उत्तराखंड पुलिस द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम बताइए?**
(a) Operation Bhakti
(b) Operation Sadbhavana
(c) Operation Maryada
(d) Operation Shraddha

**4. 3400 साल बाद किस देश के राजा का चेहरा री क्रिएट किया गया है?**
(a) मिस्त्र
(b) क़तर
(c) ब्रिटेन
(d) इनमे से कोई नहीं

**5. एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) का डोमेन नेम बदलकर क्या कर दिया है?**
(a) x.com
(b) x.in
(c) x.co.in
(d) x.co.com

**6. विंडफाल टैक्स का संबंध किस क्षेत्र से है?**
(a) डीजल
(b) पेट्रोलियम
(c) एविएशन टर्बाइन फ्यूल
(d) इनमे से कोई नहीं

**7. घरेलू लॉजिस्टिक्स सेवा प्लेटफॉर्म पोर्टर 2024 के भारत में ______ यूनिकॉर्न बन गया है।**
(a) first
(b) second
(c) third
(d) fourth

**8. किशोर भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में हरियाणा को हराकर किस राज्य ने सीनियर महिला एनएफसी राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी जीती है?**
(a) त्रिपुरा
(b) पश्चिम बंगाल
(c) असम
(d) मणिपुर

**9. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है?**
(a) कपिल सिब्बल
(b) प्रदीप कुमार राय
(c) आदिश सी अग्रवाल
(d) प्रिया हिंगोरानी

**10. अनिमेष कुजूर, जिन्हें मई 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए खबरों में देखा गया था, निम्नलिखित में से किस खेल से जुड़े हैं?**
(a) टेनिस
(b) गोला फेंक
(c) धावक
(d) वुशु

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (c) | (a) | (a) | (b) | (c) | (d) | (a) | (c) |